हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 1 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4 जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कलेक्टर ने लिया व्यवस्था का जायजा



## खबर संक्षेप

### 12वीं हिंदी परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वितरण होगा आज

**जांजगीर-चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसी के तहत परीक्षा के प्रवेश पत्रों का वितरण 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे किया जाएगा। प्रवेश पत्र वितरण का कार्य शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02, जांजगीर में संपन्न होगा। समन्वयक केंद्र जांजगीर द्वारा जारी सूचना में सभी शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने-अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रवेश पत्र प्राप्त करने के पश्चात संबंधित विद्यार्थियों को समय पर वितरित करें, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति का निर्वाचन, 15 को

**सक्ती।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती की प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह निर्वाचन प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभागार में संपन्न होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल द्वारा जिला शाखा सक्ती अंतर्गत आयोजित इस निर्वाचन कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों से अनिवार्य उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी सदस्यों से नियत तिथि और समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

### डभराखुर्द में हनुमान जयंती का आयोजन कल

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द के श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल दिन गुरुवार को 24 घंटे का रामायण श्री राम चरित्र मानस गायन, वादन और कथा का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। ग्राम डभराखुर्द के हनुमान मंदिर के पुजारी अंकुर दास वैष्णव ने बताया कि 2 अप्रैल गुरुवार को 24 घंटे का अखंड राम चरित्र मानस रामायण होगा। इसके साथ ही संध्या 7 बजे हनुमान का महा आरती भी होगा। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज

**सक्ती।** भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्नीकल, क्लर्क-स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदकों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन में करना अनिवार्य है।

## सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में नए शिक्षा सत्र का आगाज आज से

# महंगी हुई बच्चों की पढ़ाई, फीस से लेकर कापी-किताब के बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में नए शिक्षा सत्र का आगाज बुधवार 1 अप्रैल से हो रहा है। इसको लेकर पालकों की जेबें फिर से ढीली होने लगी है। दरअसल नामचीन स्कूलों में ना केवल फीस में बढोतरी की गई है बल्कि कापी किताब सहित सभी सामानों के दाम बढ़ गए है। खास बात यह है कि इन निजी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के पाठ्य सामाग्री ही नहीं गणवेश भी इर बार की तरह इस बार भी चिन्हिंत दुकानों में मिल रहे है।

बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने एक ओर जहां लोगों का रूझान निजी स्कूलों की ओर बढते जा रहा है, तो वहीं इनकी फीस और कापी किताबों के दाम भी साल दर साल बढ़ते क्रम में है। सीबीएसई पैटर्न वाले स्कूलों में नए शिक्षा सत्र में प्रवेश को लेकर होड़ मची हुई है। वहीं मनमाने फीस और निरंतर बढ़ते पाठ्य सामाग्री के दामों पर अंकुश लगाने इस बार भी जिम्मेदार शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन की कही कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। ऐसे में स्कूलों में जहां मनमाने तौर पर फीस में 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है, तो वहीं कापी किताबों की कीमतों में भी बेहताशा वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि हर बार की तरह इस बार भी जांजगीर व चांपा शहर में संचालित नामचीन स्कूलों के कापी किताब और गणवेश चिन्हिंत बुक डिपो में ही मिल रहे है। यहीं स्थिति जिले के अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ़, नवागढ़ जैसे शहरी क्षेत्र में संचालित स्कूलों में भी है। इन जगहों पर संचालित नामचीन स्कूलों में फीस मे तो बढोतरी की ही गई है। चिन्हित दुकानों में मिलने वाले कापी, किताब, जूता मोचा, टाई, बेल्ट और गणवेश उपलब्ध कराने के नाम पर भी मनमानी राशि ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस तरह की स्थिति पहली बार निर्मित नहीं हो रही है, बीते कई सालों से निजी स्कूल संचालकों की इस तरह की मनमानी चली आ रही है। जिसके आगे ना केवल अभिभावक नमस्तक होने मजबूर होते है, बल्कि शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन भी अंकुश लगाने की दिशा में कोई जहमत नहीं उठाता।



### रेट से अभिभावक, बस्ते के बोझ तले मासूम

निजी स्कूलों में नियमानुसार एनसीआरटी की किताबें चलनी चाहिए, लेकिन नामचीन स्कूलों में अपने मनमाने तौर से सिलेबस तैयार किया जाता है, ऐसे में केन्द्रीय विद्यालय की कापी किताबें जहां 2-4 हजार तक मिल जाती है, तो वहीं नामचीन निजी स्कूलों में प्रायमरी और मीडिल की किताबें ही इससे दोगुने और तिगुने दामों में मिलती है। ऐसी स्थिति में मनमानी कीमत को लेकर जहां पालकों पर बजट का भार पड़ता है, तो वहीं बस्ते का वजन भी इतना अधिक होता है कि मासूम बच्चे उसे सहजता से नहीं उठा पाते।

### की जाएगी चर्चा

निजी स्कूलों में फीस बढोतरी, कापी पुस्तक एक ही दुकान से मिलने सहित अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर निजी स्कूल संघ संचालकों की बैठक ली जाएगी। बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।

**-मनोज पाण्डेय**
अध्यक्ष
निजी स्कूल संचालक संघ जांजगीर

### कलेक्टर से करेंगे चर्चा

निजी स्कूलों में भी शासन के नियमानुसार एनसीईआरटी की किताबें होनी चाहिए। फीस वृद्धि और सिलेबस का चयन नियमानुसार ही करना है। इस विषय पर कलेक्टर से चर्चा करेंगे। उनके दिशा निर्देशन में उचित कार्रवाई होगी।

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
डीईओ, जांजगीर चांपा

# महिलाओं की शिकायतों के निराकरण में सहायक साबित होगा महिला थाना

## आईजी ने सायबर अपराधों की जांच प्रक्रिया का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



महिला थाना उद्घाटन के दौरान आईजी, कलेक्टर, एसपी एवं सहित अन्य अफसर

महिलाओं पर घटित अपराध में त्वरित कार्रवाई के लिए जिले में महिला थाना मंगलवार को खोला गया। आईजी ने महिला थाना का उदृघाटन किया। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने जांजगीर प्रवास के दौरान सायबर अपराधों की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस बीच डिजीटल साक्ष्यों के सुरक्षित रख रखाव को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किए।

जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार 31 मार्च को बिलासपुर रेंज के महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने जांजगीर में महिला थाना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला थाना ना केवल महिलाओं के शिकायतों का तुरंत निराकरण में सहायक होगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और विश्वासपात्र वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संचार साथी मोबाइल एप के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा "संचार साथी" मोबाइल एप एवं पोर्टल शुरू किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपयोगकर्ता संदिग्ध कॉल, एसएमएस व व्हाट्सएप मैसेज की शिकायत चक्षु सुविधा से कर सकते हैं, वहीं सीईआईआर के जरिए खोए या चोरी हुए मोबाइल की रिपोर्ट दर्ज कर ईएमईआई ब्लॉक कराया जा सकता है। पोर्टल पर टैफूक सुविधा के माध्यम से आधार से जुड़े अनजान मोबाइल नंबरों की जानकारी लेकर उन्हें ब्लॉक किया जा सकता है। आईजी ने दर्ज प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, विश्लेषण एवं सुरक्षित रख-रखाव की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। आईजी ने सायबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर तकनीकी दक्षता बढ़ाने, नवीनतम सॉफ्टवेयर एवं टूल्स का प्रभावी उपयोग करने तथा टीमवर्क को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। साथ ही सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए, ताकि ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। आईजी ने साइबर थाना जांजगीर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने उपस्थित नागरिकों को साइबर जागरूकता, साइबर धोखाधड़ी से बचाव एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि कीप तुरंत सूचना पुलिस को दें। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे,, एसपी विजय कुमार पाण्डेय, सक्ती एसपी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, यातायात जांजगीर उदयन बेहार, डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार पैकरा, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित रहे ।

# घर घुसकर मारपीट मामले में महिला समेत 10 गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में महिला समेत 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम रोगदा की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च 2026 की रात्रि करीब 8:15 बजे आरोपीगण प्रार्थी प्रकाश नोरगे के घर में घुस गए और गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। मुख्य आरोपी विनोद कुमार नोरगे ने लाठी से प्रार्थी के सिर, हाथ और पैरों पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान प्रार्थी की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के पुत्र अभिषेक, सुमित और अमित पर भी आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी की बेटी को घसीटकर घर से बाहर निकालने की भी घटना सामने आई है, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त लाठी और बेल्ट को जब्त किया गया तथा गवाहों के बयान दर्ज कर स्थल निरीक्षण किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 331(6), 115(2) एवं 191(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईएस लिमिटेड रायगढ़ ब्रांच द्वारा जनपद पंचायत डभरा में 1 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 2 अप्रैल को, जनपद पंचायत मालखरौदा और जनपद पंचायत सक्ती में 3 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है। एस.आई.एस सिक्योरिटी सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सुरक्षा जवान सहित अन्य 205 पदों पर भर्ती निकाली गई है।




### बगैर लायसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर प्रतिबंध

# पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी करने पर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पेट्रोल-डीजल एवं गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। बगैर लायसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

ज्ञात हो कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने को लेकर सक्ती कलेक्टर ने सख्त कदम उठाया है। इस तरह का मामला सामने आने पर उन्होंने संबंधितों को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी। ईंधन का उपयोग जिम्मेदारी और बचत के साथ करें तथा अनावश्यक रूप से स्टॉक न करें। साथ ही वैकल्पिक साधनों का भी उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सुविधा मिल सके। प्रशासन ने यह भी बताया कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की तरह सुचारू रूप से जारी है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जुड़े उपभोक्ताओं के संदर्भ में प्रशासन ने बताया कि कुछ स्थानों पर अचानक बढ़ी मांग के कारण वितरण व्यवस्था प्रभावित हुई है। ऐसे में पारदर्शी और संतुलित वितरण सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। संभावित जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पीपीटी 7 मई, बीएससी नर्सिंग और बीएड की प्रवेश परीक्षा 11 जून को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं बीएससी नर्सिंग, प्री-पॉलिटेक्निक (पीपीटी) और प्री. बीएड का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। तीनों परीक्षाएं राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित होंगी। अभ्यर्थी व्यापमं के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने पर शुल्क वापस किया जाएगा, जो सीधे उनके बैंक खाते में जमा होगा। प्रदेश में तीनों प्रवेश परीक्षाओं में पिछले पांच वर्षों में अभ्यर्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। 2021 में जहां इन तीनों परीक्षाओं में कुल मिलाकर लगभग 1.55 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर करीब 2.15 लाख पहुंच गई। यानी करीब 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### कॉलोनी के बीच बनेगा सिविल कक्ष शिकायत दर्ज करने रहेगा रजिस्टर

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक में कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा की उपस्थिति में समस्याओं के समाधान के लिए निर्णय दिए गए हैं। प्रगति हाउस में हुई बैठक में धूल की समस्या को देखते हुए श्रमिक चौक से थाना चौक तक सड़क पर 24 घंटे पानी छिड़काव करने का निर्णय लिया गया है। इसकी निगरानी सिविल विभाग करेगा। कॉलोनी के बीच अलग से सिविल कक्ष बनेगा। यहां शिकायत दर्ज करने रजिस्टर रखा जाएगा। तीन अधिकारियों की समिति गठित की जाएगी, जो साप्ताहिक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वहीं आवासों की मरम्मत के लिए वेलफेयर टीम को दो समूहों में बांटकर सभी आवासों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने कहा गया है। एमक्यू आवास के पीछे सफाई कर्मचारियों के निवास के सामने टूटी दीवार के पुनर्निर्माण का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जेसीसी की मांग पर दीपका कर्मचारियों को भी गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों की तरह गुरुद्वारा में कैशलेस पैथोलॉजी सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी गई है। पेयजल संकट के समाधान के लिए सरई तालाब से पाइपलाइन से पानी लाकर फिल्टर कर सप्लाई करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने सभी से जल संरक्षण की अपील की। जेसीसी ने दीपका में अलग को-ऑपरेटिव खोलने की मांग पर भी सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसे अलावा वॉटर बॉटल व टॉवल वितरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में व्यवस्था करने कहा है। बैठक में यूनियन नेता मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक के निवास में हुआ कांग्रेस कमेटी की बैठक

**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) अध्यक्ष मनोज चौहान के दिशा निर्देश पर हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के निवास स्थान पर बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन के तहत संगठन विस्तार ब्लॉक, बूथ, पंचायत एवं बूथ कमेटी का गठन किए जाने के संदर्भ में मंडल कांग्रेस के सभी अध्यक्षों को फोटो युक्त से गठन कर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा को जल्द से जल्द भेजने का जानकारी दिया गया। ब्लाक प्रभारी गुलशन जायसवाल ने कहा कि जीतना जल्दी हो सके वार्ड, पचायत और बूथ कमेटी का गठन कर सूची जिला कांग्रेस को भेजी जाएगा। वहीं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि हर पंचायत से लेकर वार्ड और बूथ कमेटी का सही ढंग से गठन कर एक जिम्मेदार कार्यकर्ता को सोच समझ कर उनके सहमति से मोबाईल नम्बर के साथ जिम्मेदारी दिया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन राठौर, कटघोरा विधानसभा ग्रामीण प्रभारी गोपाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, कन्हैया राठौर, सनोवर परवीन, कुलदीप राठौर, कांति मधुकर, रामशरण कंवर, चंद्रहास राठौर, भैयाराम यादव अध्यक्ष, रामनारायण पटेल, श्रवण कश्यप, मुकेश बर्मन, द्वारिका यादव, अनिल पोर्ते, फालेश्वर श्रीवास, दिलीप राठौर उपस्थित थे।

## नगर निगम की टीम लगातार कर रही कार्यवाही

# सम्पत्ति कर जमा न करने वाले बड़े बकायादारों की सम्पत्ति की गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाताओं द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम लगातार कड़ी कार्यवाही कर रहा है, इसी कडी में बड़े बकायादार वार्ड क्र. 5 गांधी चौक कोरबा निवासी केदारनाथ गुप्ता बकाया राशि 92 हजार 160 रूपये की सम्पत्ति को निगम अमले ने सील कर दिया गया है तथा उन्हें हिदायत दी गई है कि वे तत्काल सम्पूर्ण बकाया राशि निगम कोष में जमा करायें। निगम द्वारा ऐसे बडे. बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है।



सीलबंद की कार्यवाही करते निगम के कर्मचारी।

उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कडे निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 5 गांधी चौक निवासी केदारनाथ गुप्ता की सम्पत्ति को निगम द्वारा सील कर दिया गया है, कार्यवाही के दौरान जोन कमिश्नर नीरज कौशिक, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, उप अभियंता विनोद गोंड़, उत्तम राठौर, तेजराम सोनी, श्यामलाल यादव, प्रेमप्रकाश के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सी.एण्ड डी.वेस्ट पर 4 हजार रूपए का अर्थदण्ड

नगर निगम द्वारा सड़क व सार्वजनिक स्थल पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री आदि डम्प करने वालों के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम अमले द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सड़क पर 2 व्यक्तियों के द्वारा सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प किये जाने पर कार्यवाही करते हुये 4 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उक्त सी.एण्ड डी.वेस्ट का उचित निपटान व प्रबंधन तत्काल किये जाने के निर्देश दिये।

### गंदगी फैलाने पर 3 हजार रुपए जुर्माना

महाराणा प्रताप अटल आवास परिसर के समीप एक व्यक्ति द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा था, इस पर निगम के स्वच्छता विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही करते हुये संबंधित पर 3 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा कड़ी चेतावनी दी कि दुबारा सार्वजनिक स्थल, चौक-चौराहों व खुले में कचरा न डालें, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# छात्रावास में छात्रों से दुर्व्यवहार अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय संस्थानों में अनुशासन बनाए रखने और छात्रावासों में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की गई है। विकासखण्ड कटघोरा के अंतर्गत संचालित प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, छुरी में कार्यरत दैनिक मजदूर केसर दुबे को उनके अशोभनीय व्यवहार और गंभीर लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है।

**खास बातें**

- छुरी बालक छात्रावास के दैनिक मजदूर को सेवा से किया गया पृथक
- 27 मार्च को रसोईये के द्वारा शराब पीकर मंचाया था हंगामा

प्राप्त विवरण के अनुसार, संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध पूर्व में भी शराब का सेवन कर छात्रावास परिसर में प्रवेश करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिस पर उन्हें कड़ी समझाइश देते हुए लिखित माफीनामा भी लिया गया था।

तत्पश्चात भी 27 मार्च को उक्त कर्मचारी ने पुनः शराब के नशे में छात्रावास पहुंचकर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। इस अप्रिय स्थिति के कारण भयभीत होकर भागने के दौरान कक्षा छठवीं के छात्र पुष्पेंद्र कंवर के आंख के ऊपरी हिस्से में चोट लग गई। जिला प्रशासन ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए घायल छात्र का तत्काल प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कराया। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा द्वारा जारी आदेश के तहत, शासकीय नियमों के उल्लंघन और छात्रों की सुरक्षा के प्रति बरती गई इस गंभीर लापरवाही को अक्षम्य मानते हुए केसर दुबे की सेवाएँ तत्काल समाप्त की गई हैं। छात्रों के हितो एवं शिक्षण संस्थानों में अनुशासन बनाए रखने हेतु लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में इसी प्रकार की कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने जनदर्शन में शहरी एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में आए आमजनों ने बारी बारी से विभिन्न समस्याओं व शिकायतों के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी आवेदन गम्भीरता से सुने एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

**खास बात**

- अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश


जनदर्शन में शिकायत सुनते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बिजली बिल सुधार से जुड़े आवेदनों के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्य शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार जिले में सतत रूप से विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इन शिविरों में ग्रामीण नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर शीघ्रता से परीक्षण कर पात्र आवेदकों को राहत प्रदान करने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली बिल सुधार, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने, तालाब का मरम्मत, स्वास्थ्य सहायता, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, सीमांकन और कब्जा हटाने सहित अन्य आवेदन शामिल थे। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारी को जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का जांच कर शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा।

# ऑनलाइन दवा विक्रय से दवाओं के गुणवत्ता व आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता पर उठता है सवाल : सिरोठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन पूरे राज्य के लगभग 18 हजार दवा विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करती है। हमारी संबद्धता ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से है, जो पूरे भारतवर्ष के लगभग 12 लाख 50 हजार केमिस्टों का प्रतिनिधित्व करती है। अखिल भारतीय, प्रदेश एवं जिला स्तर पर हमारी संस्था द्वारा प्रारंभ से ही ऑनलाइन दवा विक्रय का निरंतर विरोध किया जाता रहा है, क्योंकि इससे दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण तथा आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता पर प्रश्न उठता है। औषधियों के लिए निर्धारित तापमान, बैच का लेखा-जोखा एवं समयावधि (एक्सपायरी) का समुचित पालन ऑनलाइन माध्यम में सुनिश्चित करना कठिन होता है।

**खास बात**

- ऑनलाइन माध्यम से चिकित्सकीय पर्चे के सत्यापन की प्रक्रिया नहीं रही नियंत्रित



मीडिया से चर्चा करते दवा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिरोठिया ने सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री सिरोठिया ने कहा कि इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन माध्यम में चिकित्सकीय पर्चे के सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं रहती, जिससे प्रतिबंधित श्रेणी की दवाओं के दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है, जो जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमारे संगठन के सदस्य अधिकृत विक्रेताओं एवं दवा निर्माता कंपनियों की वैध आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े हैं, जिससे दवाओं की गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता सुनिश्चित रहती है। वहीं ऑनलाइन माध्यम में इस प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था का अभाव रहता है, जिससे गलत अथवा अवैध दवाओं के प्रसार की आशंका बनी रहती है। सरकार द्वारा गठित औषधि नियंत्रण विभाग समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच के माध्यम से हमारी संस्था से जुड़े दवा विक्रेताओं पर निगरानी रखता है, जिससे सुरक्षित एवं नियंत्रित व्यवस्था में दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो पाती है। अतः ऑनलाइन दवा विक्रय से न केवल स्थानीय दवा व्यवसाय प्रभावित होता है, बल्कि दवाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने जिला चिकित्सालय में 100 बेबी किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल कोरबा ने जिला चिकित्सालय में जन-स्वास्थ्य सेवा के तहत लगभग 100 नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जीवदया सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। वितरित किट में नवजात देखभाल सामग्री जैसे पोशाक, कंबल, साबुन, तेल, नैपकिन तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। यह सामग्री नवजात शिशुओं एवं उनकी माताओं को प्रदान की गई, जिससे परिजनों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष वीर महावीर जैन (मीसो), सचिव वीर संतोष जैन, तथा वीर नितेश जैन, वीर नीरज जायसवाल, वीर कमल जैन, वीर प्रकाश कोचर, वीर अमित जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने अस्पताल प्रबंधन एवं शिशुओं के परिजनों का आभार जताया और भविष्य में मातृ-शिशु स्वास्थ्य अभियान को और अधिक विस्तार देने की प्रतिबद्धता दोहराई। संस्था के अध्यक्ष वीर महावीर जैन ने कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य समाज के विकास की नींव है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक नवजात शिशुओं और उनकी माताओं तक यह सेवा पहुंचे। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

### राताखार नहर के समीप मिली अज्ञात लाश

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार इलाके में जोड़ा पुल के नीचे नहर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती हुई पाई गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर तत्काल पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### आदित्य का नवोदय विद्यालय में चयन

**हरदीबाजार।** पाली विकास अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी के प्राथमिक शाला भलपहरी कला के होनहार छात्र आदित्य कंवर ने



जवाहर नवोदय विद्यालय चयनित हुआ है। उन्होंने 91.25 अंक अर्जित कर ऑल इंडिया में 20वां रैंक हासिल किया है। आदित्य के चयन पर ग्राम पंचायत भलपहरी की सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी ने छात्र को श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर तथा मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उपसरपंच प्रह्लाद राठौर, पंच महत्तरू रामखांडे, त्रिभुवन पॉवले, नंदू कंवर, शत्रुघ्न कश्यप, रोहित कश्यप, अजय कश्यप, छत्रपाल राठौर, चुम्मन कश्यप, शिक्षक विजय कुमार धृतलहरे, श्रीधर राठौर एवं बिंदुलता सूरगे उपस्थित रहे।

# पार्षद ने किया शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 18, कोहड़िया अंतर्गत नर्सरीपारा कोहड़िया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का पार्षद नरेंद्र देवांगन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर राशन वितरण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर, हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं एवं पारदर्शिता का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए तथा स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्षद ने सख्त लहजे में कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर, पूर्ण मात्रा में एवं गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न मिलना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मुहम्मद खुर्शीद अहमद पिता अब्दुल जब्बार निवासी वार्ड नं. 13, बिरगहनी (चांपा), तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने बजाज एलियांस लाईफ पोस गोल सुरक्षा लिमिटेड प्रीमियम कोरबा की पॉलिसी नं. 0382417035 में मेरा नाम Mr. Mohammad Anwar दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड नं. 4626 8382 5037, पेन नं. AQLPA3764A एवं पंजाब नेशनल बैंक शाखा-मड़वा के पासबुक खाता क्र. 22412413000017 में मेरा नाम मुहम्मद खुर्शीद अनवर दर्ज है। अत: मैंने श्रीमान नोटरी चांपा के समक्ष एक शपथ-पत्र निष्पादित कर अपना नवीन नाम मुहम्मद खुर्शीद अनवर कर लिया है। अतएव अब मुझे समस्त शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मुहम्मद खुर्शीद अनवर दर्ज कर इसी नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।
सो, सूचना जानें।
दिनांक : 31.03.2026
भवदीय
मुहम्मद खुर्शीद अनवर
पिता अब्दुल जब्बार
निवासी वार्ड क्र. 13 ग्राम-बिरगहनी चांपा तहसील-जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

## आयोजित किया गया था सम्मान समारोह

# शासन की योजनाओं को उजागर करती है मीडिया : डॉ विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

केंद्र सरकार हो चाहे राज्य सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी जन उपयोगी योजनाओं को शहर, गांव,गली व चौपाल घर तक पहुंचाने का काम मीडिया करती है, साथ ही उन पर जमीनी हकीकत को शासन-प्रशासन व जनता के सामने निष्पक्ष रखती है।

उक्त बातें पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने हरदीबाजार प्रेसक्लब भवन में आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शासन की योजना हो या जमीनी हकीकत को उजागर मीडिया ही करती है, हरदीबाजार प्रेस क्लब का यह आयोजन बहुत ही सराहनीय व उनके उत्कृष्ट कार्य दक्षता को दर्शाता है। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने प्रेस को समाज का आईना कहते हुए सच्ची बात बेधड़क एक पत्रकार ही अपनी कलम की ताकत से लिखकर करता है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ने घटना हो चाहे दुर्घटना, गांव व गली की समस्या पत्रकार समाज के सामने निष्पक्ष रखती है। समाजध्वज वाहक व प्रदेश सह संयोजक किसान मोर्चा सदस्य चुलेशवर राठौर ने कहा है कि आज के दौरान में एक पेशा में रहकर संगठित होकर पत्रकारिता करना नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। इस दौरान कौशल श्रीवास, डॉ शक्ति डिक्सेना, डॉ गणेश प्रभुवा, रामू जायसवाल, इंद्रपाल सिंह कंवर, हरीश चंद्र राजवाड़े, शिक्षक ब्रम्हानंद राठौर, आरएन कुर्रे डॉ अर्जुन महंत, रामशरण कंवर, आशीष अग्रवाल, गोपाल यादव, चंद्रहास राठौर, रमेश अहीर, दिलीप राठौर, हरसेन महंत, सावित्री कामता मरावी, विरेंद्र पटेल, नरेश राठौर, राजेश्वर राठौर, रामकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व पत्रकार

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

लाइफStyle



# सयानी


## अभिनेत्री से प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठीं

अभिनेत्री सयानी गुप्ता अब अदाकारा से निर्माता बनने की तरफ बढ़ गई हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है। साथ ही अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाले पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने आर्टिकल 15, जॉली एलएलबी 2, फैन और पार्च्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वे बतौर निर्माता अपने कॅरियर की शुरुआत कर रही हैं। सयानी ने अपना प्रोडक्शन हाउस, 'सयानी गुप्ता मूवीज' लॉन्च किया है। इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' से हो रही है, जो इस बैनर के तहत बनने वाला पहला प्रोजेक्ट है। फिल्मों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर एक दशक से ज्यादा समय तक काम करने के बाद अभिनत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि प्रोडक्शन की तरफ उनका यह कदम इसलिए है, क्योंकि अब वे स्टोरीटेलिंग में ज्यादा शामिल होना चाहती हैं। सयानी ने कहा, 'यह मेरा एक पुराना सपना रहा है। मैं हमेशा से कुछ खास तरह की कहानियां कहना चाहता थी और इसका मकसद सहयोग के लिए एक ऐसा माहौल बनाना है, जो काम को सरल और सहज बनाए। हम धीरे-धीरे, लेकिन लगातार आगे बढ़ेंगे। एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर ध्यान देंगे। हमारे लिए लेखन की गुणवत्ता, कला और कहानी कहने का तरीका हमेशा पहले रहेगा। ऐसा करने के लिए, हर प्रोजेक्ट को सही समय, देखभाल और पूरा ध्यान देना जरूरी है'।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर के सेट पर हुईं घायल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। लेकिन, इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं।




# ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए थे मशहूर...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स डुओंग का 42 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए निधन हो गया। वह 'ब्लू ब्लड्स' की भूमिका के लिए मशहूर थे। वह लॉस एंजिल्स में रहते थे। एलेक्स डुओंग अपनी बेहतरीन कॉमेडी, लेखन और अभिनय के लिए मशहूर थे। उन्हें 'ब्लू ब्लड्स', 'प्रिटी लिटिल लायर्स', 'डेक्सटर' जैसी कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एलेक्स कॉमेडी जगत में बहुत सक्रिय थे। 2021 से वे लॉस एंजिल्स के प्रसिद्ध कॉमेडी स्टोर में डोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में उनके फायदे के लिए एक विशेष कॉमेडी शो भी आयोजित किया गया था, जिसमें कई कॉमेडियन ने हिस्सा लिया। पिछले साल एलेक्स को एक खतरनाक कैंसर (एल्वियोलर रैबडोमायोसारकोमा) का पता चला था, जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।



# अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं।



# 10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

टीवी मसाला



# दो आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

**नई दिल्ली।** टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था। स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया गया। ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है। फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं, 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था।

## टीवी पर दस्तक देने आ रही धुरंधर

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां 'धुरंधर 2' देखने के लिए लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं, इसी बीच अब धुरंधर को आप घर बैठे देख सकते हैं। धुरंधर का वर्ल्ड टीवी प्रीमयर होने जा रहा है। 'धुरंधर' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 30 मई को शाम 7 बजे स्टार गोल्ड, स्टार गोल्ड 2 और कलर्स सिनेप्लेक्स पर एक साथ दिखाया जाएगा। मतलब एक साथ ये फिल्म तीन अलग-अलग चैनलों पर आएगी। बताया गया है कि मेकर्स ने धुरंधर के इस प्रीमियर के लिए काफी तैयारियां की हैं। इसके लिए अलग से कैंपेन भी चलाया गया है, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल धुरंधर के प्रीमियर की तैयारी चल रही है। अभी मार्च खत्म नहीं हुआ और इसके टीवी प्रीमियर का ऐलान किया है। प्रीमियर 30 मई को किया जाएगा यानि करीब एक महीने से ज्यादा का वक्त अभी बाकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया था।



# मामला लीगल है सीजन 2 से टोस्टर तक, इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सोमवार से एक नया वीक शुरू हो गया है। दो दिन बाद नए महीने की आमद होगी और इसी के साथ नई-नई फिल्मों की रिलीज भी। सिनेमाघरों में सिर्फ एक ही फिल्म छाई है, धुरंधर 2। संभव है कि आपने इसे देख लिया हो। अगर आप थिएटर जाकर सिनेमा देखने के शौकीन नहीं हैं और घर बैठे ही कुछ दिलचस्प देखना चाहते हैं तो इस बार की लिस्ट आपको खुश करने वाली है।*

### हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस

फिल्म 'हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस' इस साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें वीर दास लीड रोल में हैं, साथ ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनका कैमियो भी है। इसके अलावा उनके भांजे इमरान खान भी फिल्म में नजर आए हैं। यह फिल्म 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### सितारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' इस वीक ओटीटी पर दस्तक दे रही है। बच्चों के साथ इसे देख सकते हैं। आरएस प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है। इसमें जैनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म बीते वर्ष जून में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसे ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इमोशंस से भरपूर यह फिल्म 2 अप्रैल से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।



### मामला लीगल है सीजन 2

साल 2024 में आई कॉमेडी कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज 'मामला लीगल है' खूब पसंद की गई। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। एक बार फिर पटपड़गंज जिला कोर्ट के सबसे जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी (रवि किशन) लौट रहे हैं। राहुल पांडे के निर्देशन में बनी 'मामला लीगल है सीजन 2' नेटफ्लिक्स पर 3 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

### वध 2

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता अभिनीत फिल्म 'वध 2' थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 'वध' का ही सीक्वल है। 'वध 2' 03 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...

**मुंबई।** मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या, स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी। विनीत कुमार सिंह ने पिछले साल आई विक्की कौशल की ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा में कवि कलश की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई थी। अब विनीत कुमार सिंह के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। विनीत कुमार सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज हेलो बच्चों में नजर आए थे।



## 200 फिल्में, अनगिनत किरदार और एक स्टार

# सिनेमा का वो रावण, जिसकी आवाज से थरति थे दर्शक

*नई दिल्ली। बड़ा पर्दा और उस पर आने का ख्वाब कई लोगों के दिल में रहता है। सिनेमा में अबतक कई स्टार्स आए जिन्होंने अपने इस ख्वाब को पूरा भी किया। हमने अबतक कई कहानियां देखी और सुनी हैं। हिंदी सिनेमा के एक ऐसे स्टार के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे असल में रामायण का रावण कहा गया। महज 15 फिल्मों में काम करने वाला वो एक्टर भारतीय सिनेमा का पहला 'रावण' था, जिसने उसे हर तरफ पहचान दिलाई।*

### कौन थे बी.एम. व्यास?

जिन एक्टर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, उनका नाम बी.एम. व्यास यानि बृजमोहन व्यास। वही, बृजमोहन व्यास जो अपनी रौबदार आवाज से हर किसी को एक पल के लिए डरा देते थे। बृजमोहन व्यास का जन्म 22 अक्टूबर 1920 को राजस्थान के चूरू जिले में हुआ था। ब्राह्मण परिवार में जन्मे बृजमोहन व्यास बेहद सरल और शांत स्वभाव किस्म के व्यक्ति थे। उन्हें शुरू से ही कला से बेहद लगाव था। कहा जाता है कि शुरुआत से ही उन्हें बनना तो सिंगर था, लेकिन बन वो एक्टर गए और सिनेमा में फिर उन्होंने रावण का किरदार निभाकर ऐसी छाप छोड़ी कि हर कोई देखता रह गया।

### ऐसे स्टार बने

फिल्मों में आने से पहले उन्होंने संगीत की और अच्छे से शिक्षा ली। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई गाने भी गाए। 1940 के दशक में व्यास जी एक सिंगर के तौर पर पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर से जुड़ गए और यहां उन्होंने पहले नाटक शकुंतला में भाग लिया। जब वो इस नाटक में काम कर रहे थे, तो उनकी संस्कृत देख हर कोई चकित रह गया। बाद में उनकी इसी संस्कृत के चलते उन्होंने फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद करीब दस सालों तक वो पृथ्वी थिएटर का हिस्सा बने रहे और देशभर के दौरों पर गए। इस दौरान एक अभिनेता और संगीतकार, दोनों के रूप में उनकी खूब सराहना हुई।



### संस्कृत और हिंदी भाषा पर अच्छी थी पकड़

थिएटर और नाटकों में काम करने के बाद उनकी पहचान बन चुकी थी। उनकी संस्कृत और हिंदी भाषा पर पकड़ अच्छी थी तो वहीं उनकी रौबदार आवाज का भी अलग ही जादू था। इसी के चलते उन्होंने कुछ फिल्मों में भी काम किया और 1944 की फिल्म भर्तृहरि से पहली बार प्लेबैक सिंगर के रूप में उन्होंने अपनी आवाज रिकॉर्ड की। पहले आप (1944) और महाराणा प्रताप (1946) जैसी कुछ और फिल्मों के लिए भी उन्होंने गाने रिकॉर्ड किए। आखिरकार वो वक्त आया, जब उन्हें एक अभिनेता के तौर पर पर्दे पर काम करने का मौका मिला। चेतन आनंद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इंडिया पिक्चर्स से बतौर प्रोडक्शन मैनेजर जुड़ गए। इसी कंपनी की साल 1946 में आई पहली फिल्म नीचा नगर से बी.एम व्यास ने छोटा सा किरदार निभाकर एक्टिंग वाला सपना भी पूरा कर लिया। इसके कुछ सालों बाद वो आग (1948) और बरसात (1949) जैसी फिल्मों में नजर आए।

### रावण ने किरदार ने दिलाई पहचान

*बी.एम व्यास ने अपने कॅरियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन असली पहचान उन्हें संपूर्ण रामायण से मिली। बाबूभाई मिस्त्री की फिल्म 'संपूर्ण रामायण' साल 1961 में आई थी। इस फिल्म में बी.एम व्यास ने रावण का किरदार निभाया। ये किरदार इतना ब्लॉकबस्टर हुआ कि हर किसी ने उनकी खूब तारीफ की। पौराणिक फिल्म में उनके इस काम के चलते ही उन्हें कई ऐसी पौराणिक कथाओं पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिले। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्में कुछ इस प्रकार रहीं- बरसात (1949), आवारा (1951), मुगल-ए-आजम (1960), महल (1969), सरस्वतीचंद्र (1968)।*

